# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
## पो0– गुरुकुल काँगड़ी, हरिद्वार
*Email :: examoneukpsc@gmail.com*

**पत्रांक :: 55/16/E-1/D.R./(PCS-16)/2016-17,** **दिनाँक :: 21 मई, 2019**

## विज्ञप्ति

## सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा– 2016

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या– A-2/E-1/PCS/2016-17, दिनाँक 08 अक्टूबर, 2016 के सापेक्ष सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा– 2016 के साक्षात्कार हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनाँक 28 से 31 मई, 2019 तक निर्धारित है। **साक्षात्कार परीक्षा के पश्चात् दिनाँक 29 मई, 2019 से दिनाँक 01 जून, 2019 तक** विज्ञापन में विहित शर्तानुसार पुलिस उपाधीक्षक, जिला कमाण्डेंट होमगार्ड एवं अधीक्षक कारागार पद हेतु शारीरिक मापदण्ड परीक्षा (ऊँचाई, वजन एवं सीने की माप), 40वीं0 वाहिनी पी0ए0सी0, बी0एच0ई0एल0, सैक्टर–3, रानीपुर, हरिद्वार में प्रातः 07:00 बजे से निर्धारित है। इसके पश्चात् हरमिलाप मिशन, जिला चिकित्सालय, हरिद्वार में शारीरिक मापदण्ड परीक्षा (दृष्टि, विकलांगता, विकृति आदि) निर्धारित है। शारीरिक मापदण्ड परीक्षा हेतु अनुक्रमांकवार/तिथिवार कार्यक्रम आयोग की वेबसाईट www.ukpsc.gov.in पर प्रसारित किया जा रहा है। अभ्यर्थी तद्नुसार शारीरिक मापदण्ड परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से शारीरिक मापदण्ड परीक्षा से सम्बन्धित कार्यालय–ज्ञाप या अन्य कोई सूचना/प्रपत्र प्रेषित नहीं किया जायेगा।

**-Sd-**
**(मुहम्मद नासिर)**
**प्रभारी सचिव।**